वार्ड परिक्रमा | शहर का इकलौता वार्ड जहां टिपर कचरा लेने नहीं डंप करने आते है!

## जहां तक निगाह जाएगी, वहां तक दिखेगा कचरा का अंबार

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के स्वामी वीरेंद्र पुरी वार्ड में इन दिनों समस्याओं का जाल बिछा हुआ है। इस वार्ड में जगह जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। वही वार्ड का ऐतिहासिक तालाब गंदगी और कब्जों की भेंट चढ़ गया है। बताया गया है की तालाब के समीप रहने वाले कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपनी हद तालाब तक बढ़ा कर बाड़ लगा ली है। जिसके चलते छोटे बच्चों के लिए खेलने का स्थान अब गायब हो चुके है। इसी के सामने रोड के उस पार बापू क्वार्टर कालोनी बसी है। जहां पर मेडिकल कॉलेज की भूमि पर निगम द्वारा पूरे इलाके का कचरा डंप करवाया जा रहा है। जिसके चलते यहां रहने एवं गुजरने वाले लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में यहां आए दिन सर्पराज के दर्शन भी होते हैं। जिससे दहशत बनी रहती है।

**मवेशी, शुकरो का राज : स्वच्छता विवस्था पर उठते सवाल** -वार्डवासियों ने वार्ड परिक्रमा के दौरान नवभारत को बताया कि कोरी मोहल्ला, बापू क्वार्टर एवं



अन्य जगहों पर सिवाए कचरे, मवेशी और शुकरो के अलावा कुछ भी नहीं दिखाई देता है। वार्ड की रहवासी सविता निगम ने प्रमुखता से आगे अगर नवभारत को वार्डवासियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कचरे की दुर्गंध से आसपास का वातावरण दूषित हो चुका है। वहीं वार्ड में कचरा वाहन आते तो है लेकिन कूड़ा लेने नहीं, बल्कि उसे डंप कर चले जाते है।

### नालियां पड़ी है चोक

क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार वार्ड की रोड मरम्मत मांग रही है वही नालियां चोक पड़ी हुई है। जिसके चलते वर्षा का पानी घरों के भीतर घुस जाता है। कभी कभी तो सांप-बिच्छू भी घुस जाते हैं। नागरिकों की पीड़ा है कि नगर निगम में कई बार नाली और कचरा उठाने को लेकर शिकायत की लेकिन नगर निगम ध्यान ही नही दे रहा। कालोनी की सड़कें भी खराब होती जा रही हैं। वही जिम्मेदारों ने बताया कि जोन क्रमांक 2 और 3 का नया ठेका हो चुका है। यह ठेका अब राम चंद्ररम नामक कंपनी को दिया गया है। जो अपना कार्य सोमवार से प्रारंभ करेगी। इसके पहले एक कम्पनी का ठेका निरस्त हो जाने के कारण सफाई व्यवस्था बिगड़ गई थी। अभी जोन क्रमांक 2 और 3 में 22 सफाई मित्र मौजूद थे।

### इनका कहना है



कोरी मोहल्ला, बापू क्वार्टर सहित इससे लगी कालोनियों में कई तरह की समस्याएं है। लोगो ने मेडिकल कॉलेज की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है। निगम नीद से जागे!

**सविता**



वार्ड में स्ट्रीट लाइट भी जलती ही नहीं हैं, ऐसे में रात के समय अपराधिक घटनाएं होने की आशंका बढ़ जाती है।

**मेवाती निगम**



हमारे वार्ड में कचरा वाहन पहुंचते तो है लेकिन सिर्फ कचरा डंप करने। छोटे बच्चे घरों में रहने मजबूर हो गए है।

**विद्यासागर**



तालाब गंदगी से पटे हुए हैं। उन पर कब्जा हो चुका है। गार्डन के नाम पर नालियां बना दी गई हैं। पूरे वार्ड की स्थिति बिगड़ी हुई है।

**आरती गुप्ता**

सफाई व्यवस्था स्वामी विरेंद्रपुरी वार्ड का ठेका निरस्त हो जाने के कारण प्रभावित हुई है अब नया ठेका किया जा चुका है जल्द ही सफाई व्यवस्था पहले की तरह पटरी पर आ जाएगी।

**अनुराग साहू**
**पार्षद, स्वामी वीरेंद्र पुरी वार्ड**

सोमवार से जोन क्रमांक 2 और 3 की सफाई व्यवस्था पर कार्य शुरू हो जाएगा। अभी ठेका निरस्त हो जाने के कारण सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी।

**अंकिता बर्मन**
**स्वच्छता प्रभारी, नगर निगम**

## ब्लास्ट कांड : फरार शमीम के पुत्र समेत दो पर एफआईआर

**डीजल से भरे ट्रक को गैस कटर से काटते समय हुआ था धमाका, झुलसे थे तीन कर्मचारी**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास स्थित लंबे समय से फरार चले रहे शमीम कबाड़ी के यार्ड में 7 सितम्बर 25 को हुए पुनः ब्लास्ट कांड में पुलिस ने उसके बेटे समेत दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच में पाया गया कि डीजल से भरे ट्रक को गैस कटर से काटते समय ब्लास्ट हुआ था जिसमें तीन कर्मचारी झुलसे थे यार्ड में सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए गए थे।

पुलिस के मुताबिक रितेश साहू उर्फ जित्तू 40 वर्ष निवासी पुराना कंचनपुर अधारताल एवं शोहरत अली पिता मोह. युनुस 38 साल निवासी मोहरिया आनंदनगर एवं दीपक चौधरी पिता धनीराम चौधरी 35 वर्ष निवासी राजुल सिटी अमखेरा 7 सितम्बर 25 को शमीम के खजरी खिरिया स्थित काम करने लगए थे। जहां शमीम का बेटा फहीम, शाहिद यार्ड में गाडी काटने का काम करवा रहा था। सभी दस चक्का ट्रक क्रमांक एम. पी. 20 एचबी 1975 को काटने कि लिए बोले थे जिसे तीनों लोग गैस कटर से काटक रहे थे ट्रक में डीजल टैंक लगा था जिसमे डीजल भरा हुआ था फहीम ने डीजल निकालने के लिए बोला तो दीपक ने डीजल निकाला वहाँ पर कुछ डीजल नीचे गिर गया था। मजदूर कटर में जैसे ही टैंक में कटर लगाये टैंक में ब्लास्ट हुआ ब्लास्ट हो गया जिससे तीनों झुलस गए थे। मौका-ए-घटना स्थल पर पहुंची एफएसएल टीम ने जांच पड़ताल की थी। मामले की संपूर्ण जांच में पाया गया कि मौके पर खतरो से बचने के लिए पर्याप्त सावधानी व संसाधन की व्यवस्था नहीं की गई थी। यार्ड मालिक फहीम एवं मैनेजर शाहिद ने मजदूरों के जीवन के साथ लापरवाही बरती। पुलिस ने अब फहीम, शाहिद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पिछले साल 25 अप्रैल को भी हुआ था धमकाया

विदित हो कि पिछले साल 25 अप्रैल को भी भी खजरी खिरिया बायपास स्थित शमीम कबाड़ी के कबाड़ गोदाम में विस्फोट हुआ था जहां से शक्तिशाली बमों के खोखे भी मिले थे। इस हादसे में दो कर्मचारियों के चीथड़े उड़ गए थे। दोनों की मौत हो गई थी। इस ब्लास्ट के बाद से ही शमीम फरार चल रहा है।जिसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।

## पूर्व सैनिक का 1 किलो गोल्ड, 5 लाख केश हड़पे

**जबलपुर।** सेवानिवृत्त सैनिक से 1 किलो गोल्ड एवं 5 लाख केश ज्वेलर्स ने हड़प लिए। मामले की शिकायत पीड़ित कोतवाली में पीड़ित ने दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक श्यामलाल अग्रवाल, 78 वर्ष, पिता स्व. छोटेलाल अग्रवाल निवासी विनोबा भावे वार्ड क्रमांक-5, लखनादौन, सिवनी ने शिकायत कर बताया कि वह पूर्व सैनिक है और उसने अजय अग्रवाल की ज्वेलर्स दुकान सराफा बाजार जबलपुर में जाकर आभूषण निर्माण के लिए सोना वजनी 1 किलो 90 ग्राम 780 मिलीग्राम, एवं आभूषणों की बनवाई के लिए नगद धनराशि 5,00,000 रुपये दिया था।ज्वेलर्स उसका रिश्तेदार भी है। जिसके चलते उसने भरोसा किया था लेकिन वह अब हीलाहवाला करते हुए जल्द से जल्द जेवर देने की बातें कर रहा है लेकिन जेवर नहीं दिये जा रहे है। 2 नवम्बर को भी वह जबलपुर गया था तो अजय कहने लगा कि अभी वर्तमान में उसके पास सोना नहीं है। रूपए भी वापिस नहीं कर रहा है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## यह क्या मचा हुआ है, इतनी गंदगी क्यों है..?

**कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का आकस्मिक निरीक्षण अधिकारियों को लगाई फटकार**

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में फैली अव्यवस्थाओं और गंदगी को लेकर शनिवार दोपहर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में फैली गंदगी, टूटी टाइल्स और बंद पड़े कमरों को देखकर कलेक्टर श्री सिंह नाराज नजर आए। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से सख्त लहजे में पूछा यह क्या मचा हुआ है, इतनी गंदगी क्यों है? इस



जगह को तुरंत साफ कराएं, टाइल्स लगवाएं और जो कमरे बंद पड़े हैं, उन्हें खुलवाया जाए। क्या पोस्ट ऑफिस वाला किराया देता है? कलेक्टर के तीखे सवालों से हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी हड़बड़ा गए और एक-दूसरे की ओर देखने लगे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की इमारतों की स्थिति ठीक रखना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एसडीएम ऋषभ जैन, पीयूष दुबे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 10 सालों से मेडिकल में जमे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला बुल्डोजर

**करीब 150 अतिक्रमणकारियों पर गिरी गाज**
**सरकारी जमीन कराई गई कब्जामुक्त**
**रविवार को भी जारी रहेगी कार्रवाई**

**नवभारत,जबलपुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दोनों तरफ आमने व सामने क्षेत्र में पिछले 10 सालों से अवैध कब्जा करके दुकानें, गुमटियां स्थापित कर चुके अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर निगम के अतिक्रमण विभाग ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की। दल, बल व पुलिस बल को देख अतिक्रमणकारियों के खेमे में हड़कंप मच गया और कुछ दुकानदार खुद ही अपनी-अपनी दुकानों में रखा सामान अलग करने



लगे , इस डर से कि कहीं बुल्डोजर की चपेट में सामान आया तो उनका नुकसान हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज अस्पताल की आमने व सामने की दोनों दीवार से सटकर करीब 150 अवैध कब्जाधारियों की दुकानें हटाईं गईं और जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। विदित हो कि मेडिकल इलाके में अवैध कब्जे के कारण वाहनों का लंबा जाम भी लगता रहा है और साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों द्वारा यहां की सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू होना था। शनिवार को शुरू हुई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई रविवार तक चलेगी क्योंकि अतिक्रमणकारियों की संख्या अधिक है।

### 2014 में हुई थी पहली कार्रवाई

गौरतलब है कि विगत वर्ष 2014 में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा उस वक्त के कमिश्नर वेदप्रकाश के कार्यकाल में मेडिकल क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई हुई थी लेकिन उसके बाद फिर से अवैध कब्जा करने वालों ने अपनी-अपनी दुकानें कब्जा कर सजा लीं थीं।

### 15 दिनों से कराई जा रही थी मुनादी

इस संबंध में अतिक्रमण दस्ता प्रभारी मनीस तड़से ने नवभारत को बताया कि शासन के निर्देश पर विगत 15 दिन पहले से ही उनके द्वारा मेडिकल के पास अवैध अतिक्रमण करने वालों के लिए मुनादी कराई जा रही थी कि वे अपने-अपने कब्जे को हटा लें और शासन को सरकारी जमीन सौंप दें। इसी क्रम में शनिवार सुबह करीब 9 बजे नगर निगम के बुल्डोजर अतिक्रमण दस्ते व पुलिस बल के साथ मेडिकल पहुंच गए थे जिस दौरान जमीन को कब्जामुक्त कराया गया।

## हत्या करने के इरादे से युवकों पर चाकू से वार

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में बदमाशों ने हत्या करने के इरादे से युवकों पर चाकू से वार कर दिया वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि अभिषेक पटेल 26 वर्ष निवासी आईटीआई के समाने नई बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कृषि उपज मंडी में गल्ला की दुकान चलाता है शुक्रवार रात्रि एयर पैलेस के सामने चाय पी रहा था तभी आकाश पटेल उर्फ अक्कू अपने छोटे भाई लकी को देखने आया नहीं मिलने पर उसके सामने सूर्या मलिक को फोन लगाया, कुछ देर बाद सूर्या मलिक अपने साथी आर्यन, देबू, टिंकू, सचिन उर्फ सच्चू और 2 अन्य लोगों के साथ आया और मारपीट करने लगे आकाश पटैर्ल उर्फ अक्कू पर चाकू से हमला कर दिया।उस पर वार किये और भाग गये।




## हाईटेक गौशाला-गीता भवन निर्माण में हो रही देरी

**निगमायुक्त ने अधिकारियों को लगाई फटकार**
**तय समय सीमा में काम पूरा करने दिए निर्देश**

**नवभारत,जबलपुर।** उमरिया क्षेत्र में बन रही हाईटेक गौशाला और रांझी में गीता भवन निर्माण प्रक्रिया की निगमायुक्त ने की समीक्षा शनिवार को की। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने अधीनस्थ अधिकारियों को कहा कि तय समय सीमा में दोनो कार्यो को पूरा करें। निगमायुक्त द्वारा निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी लेने के दौरान संबंधित अधिकारियों को धीमी गति पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए निर्माण प्रक्रिया को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया कि हाईटेक गौशाला निर्माण के लिए तैयार कार्य योजना के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा के साथ सहायक यंत्री अनिकेत गोरैया आदि उपस्थित रहे।

## नौकरानियों ने सीसीटीव्ही कैमरे बंद कर डॉक्टर के घर से 6 लाख केश, जेवर चुराये

**जबलपुर।** मदन महल थाना अंतर्गत नेपियर टाउन में नौकरानियों ने सीसीटीव्ही कैमरे बंद कर डॉक्टर के घर से 6 लाख केश, जेवर, मोबाइल पार कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।पुलिस ने बताया कि डॉ. राहुल शुक्ला 36 वर्ष निवासी आम्रपाली हाउस नेपियर टाउन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेशे से डाक्टर है उसने नवम्बर 2024 में घर के काम झाड़ू पोछा बर्तन एंव खाना बनाने के लिये दीक्षा एवं उर्मिला ठाकुर दोनों निवासी कालीमठ मंदिर के पास मदनमहल को रखा था वह अपने काम से निकल जाता था दीक्षा एवं उर्मिला ठाकुर दोनों घर का पूरा काम करती थीं इनके काम करने के कुछ महिनों के बाद उसके घर से कैश व सामान गायब होने लगा जिसके बाद उसे शक होने पर उसने घर के अंदर





सीसीटीव्ही कैमरे लगवाये थे सीसीटीव्ही फुटेज को यह दोनों 5 से 10 मिनिट के लिये बंद करके उसके घर में रखे कैश की चोरी करते थे उसने जब पूछताछ की दोनों के द्वारा चोरियां करना स्वीकार भी कीं उसके घर से माह मई 2025 से 25 सितंबर 25 के बीच लगभग 6 लाख रूपये केश एवं वन प्लस कम्पनी का एण्ड्रायड मोबाइल , मां की सोने का मंगलसूत्र, चोरी हुआ है दोनों के द्वारा चोरी की गई है। रिपोर्ट पर आरोपिया दीक्षा एवं उर्मिला ठाकुर दोनों निवासी कालीमठ मंदिर के पास मदनमहल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## विश्वासघात : 9 .67 लाख की 4817 मुर्गियां बेची

**पोल्ट्रीफार्म संचालक पर दर्ज हुई एफआईआर**

**जबलपुर। विश्वासघात कर पोल्ट्रीफार्म मालिक ने देखभाल एवं ग्रोथ के लिए दी गई 4817 मुर्गियां बेच डाली। जिससे कंपन को लगभग 9 लाख 67 हजार 652 रूपये का नुकसान हुआ है। पनागर पुलिस ने पोल्ट्रीफार्म संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।**

पुलिस के मुताबिक शनिवार को अमित कुमार पाण्डे निवासी चैतन्य सिटी राजुल टाउनशिप गोराबजार ने लिखित शिकायत की कि सुगना फूड्स प्राईवेट लिमिटेड तमिलनाडू ब्रांच जबलपुर में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है उसकी सुगना फूड्स प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा शुभ पोल्ट्री फार्म ग्राम कसही पनागर जिसका मालिक राकेश लोधी निवासी लालमाटी चांदमारी तलैया है उससे 12 अगस्त 25 को ग्रोइंग एग्रीमेंट किया गया था राकेश लोधी के ग्राम कसही स्थित शुभ पोल्ट्री फार्म में एग्रीमेंट की शर्तों के तहत 19 अक्टूबर 25 को चूजे दिये गये थे शर्तों के अनुसार राकेश लोधी को दिये गये चूजों की देखभाल एवं ग्रोथ की जानी थी, चूजे बड़े होने पर राकेश लोधी के द्वारा सुगना फूड्स प्राईवेट लिमिटेड को वापस करना था।20 सितम्बर से 5 नवम्बर 25 तक तय सीमा खत्म हो गयी थी जिसे कम्पनी की भाषा में मोडेलिटी कहा जाता है सुगना फूड्स कम्पनी के द्वारा शुभ पोल्ट्री फार्म से 30 अक्टूबर को 301 बड़े चूजे लिये गये।31 अक्टूबर को सुगना फूड्स कम्पनी के सुपरवाईजर मोनू खुराना के द्वारा शुभ पोल्ट्री फार्म बर्ड लिफ्टिंग के लिये गये तो उन्हें वहां पर कुछ ही बर्ड मिले जिसकी जानकारी सुनील चौधरी ने उसे दी तो 5 नवम्बर को शुभ पोल्ट्री फार्म जाकर देखा तो 25 मोडेलिटी एवं 142 बर्ड सही हालत में मिले, उसने शुभ पोल्ट्री ग्राम कसही के मालिक राकेश लोधी को फोन लगाया जो बंद बता रहा था तो उसने 142 बर्ड लिफ्ट करा कर कम्पनी को भिजवा दिये। शुभ पोल्ट्री फार्म ग्राम कसही के मालिक राकेश लोधी द्वारा 1 नवम्बर 25 से 3 नवम्बर के बीच कम्पनी के 4817 नग बड़े चूजे (मुर्गिया), प्रत्येक चूजे का अनुमानित वजन 2.050 किलो ग्राम कुल वजनी 9874.85 किलो ग्राम बेईमानी से बेच दिया गया है जिससे कम्पनी को लगभग 9 लाख 67 हजार 652 रूपये का नुकसान हुआ है। शुभ पोल्ट्री फार्म ग्राम कसही के मालिक राकेश लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।



## वोट चोरी के खिलाफ युकां ने किया चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

**नवभारत,जबलपुर।** पूर्व विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रद्दी चौकी पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें भाजपा एवं चुनाव आयोग पर लोकतंत्र से खिलवाड़ करने के आरोपों के विरोध में युवा कांग्रेस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उवैस अंसारी के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया, यह आयोजन कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा और कर्नाटका में भाजपा-चुनाव आयोग की मिलीभगत से मत चोरी के आरोप के समर्थन में किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्षद गुलाम हुसैन, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, आशिफ इकबाल, निहाल मंसूरी, आबिद मंसूरी, सफीक अंसारी, जय अहीरवार, हर्षित सिंह ठाकुर, शेरू मंसूरी, ज़ैद अंसारी, सोहेल ख़ान मोनू, अचलनाथ चौधरी, अज़हरुद्दीन अंसारी, ज़मन अंसारी, आदि उपस्थित थे।

मनमानी | शहर की सड़कों पर बड़े-बड़े ट्रक खुलेआम दौड़ रहे

## जाम से लोग परेशान, हादसे को दे रहे न्योता

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की सड़कों पर इन दिनों बड़े-बड़े ट्रक खुलेआम दौड़ते नजर आ रहे हैं। प्रतिबंधित समय के बावजूद ट्रकों की आवाजाही पर रोक नहीं लग पा रही है। परिणामस्वरूप मुख्य सड़कों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, वहीं हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को मालवीय चौक यातायात तिराहे के सामने से ही बड़े- बड़े ट्रक दोपहर में गुजर रहे थे, जिसके कारण मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति भी निर्मित हुई, इसके अलावा गाड़ियों में नंबर प्लेट भी नहीं थी। गौरतलब है कि जब यातायात थाने के सामने यह स्थिति है तो पूरे शहर में इनकी



मनमानी किस हद तक होगी। उल्लेखनीय है कि बड़े वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश रात्रि 11 बजे के बाद नो एंट्री खुलने पर ही दिया जाता है, लेकिन रोजान ही दिन दहाड़े बड़े वाहन शहर प्रवेश कर जाते हैं।

### नो एंट्री के बावजूद कहां से आ रहे ट्रक

रात्रि 11 बजे से नो एंट्री खुलने के बाद ही शहर के अंदर बड़े वाहनों को प्रवेश किया जाता है। गौरतलब करने वाली बात यह है कि जब दिन में बड़े वाहनों की एंट्री शहर के अंदर बंद रहती है तो यह वाहन कहां से निकलकर शहर में घूमते हुए नजर आते हैं।जो कि शहर के अंदर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ाते हैं और नियम का उल्लंघन भी करते हैं। जिस पर यातायात पुलिस द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि कई जगहों पर इनकी वजह से रोजाना ही जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

### इनका कहना है

4 या 6 टन की गाड़ियां प्रतिबंधित नहीं है, बिना नंबर वाहनों के ऊपर मौके पर मौजूद यातयात पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है। इसके अलावा निर्धारित समय से पहले भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।

**अंजना तिवारी**
**अति. पुलिस अधीक्षक यातायात**



## टाइमलाइन का रखें ध्यान, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त अमला करें तैनात

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत जिले में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे मतदाताओं के सत्यापन कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को टाइमलाइन का विशेष ध्यान रखने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रगति की तुलना करने, तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त अमला तैनात करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने एसआईआर के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों, दीवार लेखन, रैलियों, नुक्कड़ नाटकों और विद्यार्थियों के वाद-विवाद, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की मैपिंग, गणना पत्रकों के वितरण और डिजिटलाइजेशन पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने मतदान हेल्पलाइन और एप के माध्यम से मतदाताओं की जिज्ञासाओं के समाधान पर ध्यान देने और बीएलओ द्वारा कॉल का समय पर उत्तर देने की हिदायत दी।